# हेल्थ सिटी हॉस्पिटल का विस्तार इन्वेस्टर्स समिट की देन : सीएम

**माई सिटी रिपोर्टर**



सीएम के साथ अस्पताल के चेयरमैन डॉ. संदीप व अन्य। -अमर उजाला

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले निवेश सम्मेलन में चार लाख करोड़ के निवेश से शुरू हुई यात्रा अब 40 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। इससे रोजगार के नए द्वार खुले हैं। वह बृहस्पतिवार को गोमतीनगर विस्तार सेक्टर-4 स्थित हेल्थ सिटी हॉस्पिटल के विस्तार के बाद 300 बेड के हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों को चिह्नित कर उन्हें विकसित किया जा रहा है। 2017 से अब तक 6.5 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिली है। 2018 में निवेश सम्मेलन के जरिये रोजगार के नए द्वार भी खुले हैं। मुख्यमंत्री ने हेल्थ सिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप कपूर की सराहना करते हुए कहा कि यह अस्पताल गोमती नगर विस्तार के लोगों के लिए उपहार है। हेल्थ केयर इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में नियत समय सीमा में पूर्ण होने वाला यह पहला प्राइवेट प्रोजेक्ट है।

डॉ. संदीप कपूर ने बताया कि करीब तीन एकड़ बने 300 बेड के अस्पताल में 40 ओपीडी, 60 क्रिटिकल केयर बेड, 8 ऑपरेशन थिएटर हैं। इसमें 75 से ज्यादा सीनियर डॉक्टर्स हैं। यह अस्पताल मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा देगा।